मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 18 फरवरी 2020

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	19/02/20	20/02/20	21/02/20	22/02/20	23/02/20
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	35	36	33	30	33
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	16	15	13	15	16
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	2	5	1	1	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	15	26	35	47	47
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	6	7	12	16	22
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	10	10	16	10	11
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	दक्षिण	दक्षिण–पश्चिम	उत्तर–उत्तर–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
		तापमान बढने की सम्भावना को देखते हुए सब्जियों में हल्की सिंचाई करें।
सरसों		सरसों की फसल में दाना पकते समय 95 दिन की अवस्था पर सिंचाई करें।
बैगन		बैगन की फसल में फल छेदक लट के नियत्रंण हेतु क्यूनालफास 1.0 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।
लोकी, तोरई व टिन्डा		कुष्माण्ड कुल की ग्रीष्मकालीन सब्जियों के लिए निम्न किस्मों की बुवाई करें। लोकी, तोरई व टिन्डा की उन्नत किस्में निम्नलिखित है। लोकी– पूसा समर, पूसा नवीन, पूसा मेघदूत। तोरई– पूसा नसदार, पूसा चिकनी, अरका सुजात। टिन्डा– बीकानेरी ग्रीन, अरका टिन्डा, टिन्डा लुधियाना।
मिर्च		मिर्च की फसल के लिए हरीपुर–रायपुर, आर.सी–1, मथानिया लोकल, पूसा ज्वाला व पंत सी–1 उन्नत किस्मों की पौधशाला में बुवाई करें। एक हैक्टेयर के लिए पौध तैयार करने हेतु एक से डेढ किलो बीज पर्याप्त रहता है।
पशु		पशुओं को थनेला रोग से बचाने के लिए पशु का पूरा दूध पूर्ण हस्त विधि से निकालें।

(नौडल ऑफीसर)